## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने अवैध शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि संघी का बास निवासी पंकज अवैध शराब बेचने का धंधा करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर रेड की। उसके कब्जे से अवैध शराब के 250 पव्वे बरामद हुए। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत ही एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया है।

### दहेज उत्पीड़न मामलों में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को परेशान करने और जान से मारने की धमकी देने के में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला थाना पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत के बाद दोनों पक्षों के बीच बातचीत से समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने के बाद ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ 2 मई को दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने हांसी के जमालपुर निवासी अविजय को गिरफ्तार किया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत 7 मई को जैसलमेर नेशनल हाइवे पर हुए हादसे के बाद वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। चालक हादसे के बाद मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। इस हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच के बाद इस मामले में यूपी के गाजियाबाद निवासी गुरप्रीत को गिरफ्तार कर लिया। उसका वाहन भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 14 अप्रैल को कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पीड़ित ने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले सेक्टर-1 निवासी निखिल, सेक्टर-3 निवासी राहुल और अनाजमंडी निवासी प्रवीन को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपियों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया। एक अन्य मामले में पुलिस ने फतेहपुरी निवासी जतिन को गिरफ्तार किया है।

### चोरी का आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

**रेवाड़ी।** सदर थाना पुलिस ने चोरी के दो मामलों में एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने बीते माह गुरुग्राम के नानू कलां निवासी कर्मबीर को चोरी के आरोप गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान उसने चोरी की कई वारदातों में संलिप्त होने की बात स्वीकार की थी। अकेले सदर थाना क्षेत्र में लगभग एक दर्जन वारदातों को अंजाम देने की बात सामने आई थी। सदर थाना पुलिस ने कर्मबीर को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### ट्रेन की चपेट में आकर एक की मौत

**रेवाड़ी।** रींगस रेल लाइन पर खोरी रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। जीआरपी को सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया है। सूचना मिलने के बाद जीआरपी ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में शव को पहचान के लिए सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। मृतक की उम्र लगभग 50 साल बताई जा रही है।

*कई कंपनियों ने पानी मुहैया कराने में की खुलकर मदद, पुलिस ने आसपास का एरिया किया पूरी तरह सील*

# रेजिन केमिकल पर फोम रहा बेअसर, अफसर नजर आने लगे असहाय, घेरा बनाकर आग का फैलाव रोका

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

जीएलएस स्पेशियलिटी केमिकल्स प्रा. लि. कंपनी के जिस केमिकल में सोमवार को आ लगी, वह सामान्य की जगह रेजिन केमिकल था। इस केमिकल से प्रिंटिंग इंक तैयार की जाती है। रेजिन केमिकल में लगी आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की ओर से यूज किया जाना वाला फोन भी तुरंत प्रभाव नहीं डालता, जिस कारण आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक के पसीने छूटे रहे। फोम की आपूर्ति के लिए दूसरे जिलों के साथ-साथ पड़ोसी राज्य राजस्थान से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलानी पड़ीं। आग इतनी भयानक थी कि कंपनी का टीन शेड भी आग में पिंघल गया। आग इतनी भयानक थी कि धुआं शहर तक साफ नजर आ रहा था। कंपनी में तैनात एक गार्ड की बात मानें, तो कंपनी के अंदर एक हिस्से में वेल्डिंग का कार्य चल रहा था। वेल्डिंग की चिंगारी के कारण ही आग केमिकल के ड्रम तक पहुंच गई। शुरूआती दौर में केमिकल से भरे ड्रम फटने शुरू हुए, तो धमकों की आवाज से कर्मचारी तुरंत कंपनी से बाहर निकलने शुरू हो गए। कंपनी के एचआर मैनेजर विजयवीर ने मौके पर मौजूद एसडीएम संजीव कुमार और डीएसपी सुरेंद्र श्योराण को बताया कि कंपनी में अस्थाई कर्मचारियों सहित कुल कर्मचारियों की संख्या लगभग 350 है। इनमें से पहली शिफ्ट में लगभग 125 कर्मचारी ही ड्यूटी पर थे। कंपनी में समय-समय पर मॉक ड्रिल कराई जाती है, जिस कारण कर्मचारी खुद को सुरक्षित करने के लिए तत्काल बाहर निकल आए। केमिकल ड्रमों के पास कार्य कर रहे कुछ कर्मचारी जरूर केमिकल की आग से उठी लपटों की चपेट में आकर झुलस गए। इन कर्मचारियों में बिहार निवासी प्रदीप कुमार और सेक्टर-4 निवासी अमित को शहर के दो अस्पतालों में दाखिल कराया गया है, जिनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। तीन-चार कर्मचारियों को ज्यादा झुलसी हुई हालत में गुरुग्राम के एक अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।

झुलसा कर्मचारी





रेवाड़ी। केमिकल कंपनी में आग लगने पर पहुंचे अधिकरी व पुलिसकर्मी।

### आसपास की कंपनियों को किया बंद

केमिकल में लगी फैलने की आशंका को देखते हुए आसपास की दर्जन से अधिक कंपनियों को बंद कर दिया गया। उनके कर्मचारियों को घर भेज दिया गया। इन कंपनियों के प्रबंधकों ने फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को पानी मुहैया कराने के लिए द्वार खोल दिए। अपने कर्मचारियों को भी आगजनी पर काबू पाने के लिए फायर कर्मियों की मदद के लिए लगा दिया। सभी का प्रयास जल्द से जल्द आग पर काबू पाने का था।

### एसडीएम ने कंपनियों से मांगी मदद

मौके पर मौजूद एसडीएम संजीव कुमार ने करनावास ऑयल डिपो से आईओसी और दूसरी तेल कंपनियों से आग बुझाने के केमिकल वाली फायर ब्रिगेड गाड़ियों की मांग की, परंतु इन कंपनियों की ओर से तुरंत ऐसी कोई मदद नहीं दी गई। फायर ब्रिगेड अधिकारियों ने अपने स्तर पर भी आग बुझाने वाले फोम और कार्बन डाईआक्साइड की व्यस्था की। कंपनी के मालिक संदीप गोयल भी बाद में मौके पर पहुंच गए।

### पुलिस प्रशासन ने दिखाई मुस्तैदी

दोपहर करीब 12 बजे आग लगने के चंद मिनट बाद ही एसडीएम बावल संजीव कुमार, डीएसपी सुरेंद्र श्योराण, कसोला व बावल थाना एसएचओ दलबल सहित मौके पर पहुंच गए। कंपनी की ओर जाने वाले रास्तों को पूरी तरह से आमजन के लिए बंद कर दिया गया। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई, ताकि कंपनी के आसपास लोगों की भीड़ एकत्रित नहीं हो सके। चारों ओर से कंपनी एरिया को सील कर दिया गया।

### एंबुलेंस और ईआरवी भी रही तैनात

आग लगने के बाद कंपनी के दोनों गेट के बाहर एंबुलेंस और पुलिस की ईआरवी तैनात कर दी गई। आग में कुछ कर्मचारियों के फंस जाने की आशंका भी जताई जाती रही, परंतु केमिकल की आग में तलाश आसान नहीं थी। कंपनी प्रबंधन की ओर से किसी भी कर्मचारी के आग में फंसे होने की आशंका से इनकार कर दिया गया था। ईआरवी लगातार कंपनी के चारों ओर गश्त लगा रही थीं।

### फायर ब्रिगेड के पास फोम की कमी

रेजिन केमिकल में लगी आग पर काबू पाने के लिए लगातार फोम का फैलाव किया गया, लेकिन शुरूआत में फोन आग पर बेअसर साबित होता रहा। फोम की कमी पड़ने पर दूसरे जिलों और राजस्थान के नीमराणा से रीको की फायर ब्रिगेड बुलानी पड़ी। लगभग 15 किलोमीटर दूर तक धुएं के गुब्बार आसानी से दिखाई देते रहे। देर शाम तक आग पर काबू पाया गया, परंतु आग पूरी तरह शांत नहीं हुई थी।



रेवाड़ी। बाल केमिकल कंपनी में लगी आग में घायल कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### कंपनी के दोनों ओर खड़ी रही एंबुलेंस

आग लगने के बाद एक ओर जहां फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पानी डालकर उस पर काबू करने का प्रयास करती रहीं, तो दूसरी ओर केमिकल की आग लगातार बढ़ती चली गई। आग कंपनी के दूसरे प्लांट तक पहुंच गई। देर शाम तक भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। कंप्रेशर और टैंक फटने की आशंका से कंपनी के बाहर बड़ी संख्या में एंबुलेंस खड़ी कर दी गईं। आग से करोड़ों रुपये का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। पुलिस आगजनी के कारणों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।



रेवाड़ी। बावल स्थित कंपनी में लगी आग व मौके पर मौजूद एसडीएम व पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

## अग्रवाल वैश्य समाज टीम ने भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए की दाना-पानी की व्यवस्था



रेवाड़ी। सोलहराही मंदिर में पक्षियों के लिए दाना–पानी का प्रबंध करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अग्रवाल वैश्य समाज की टीम ने सोलहराही मंदिर के प्रांगण में भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत देने के लिए दाना-पानी का प्रबंध किया। समाज की महिला टीम ने पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखे। इस मौक के पर अग्रवाल वैश्य समाज की टीम ने जिले के सभी लोगों से आह्वान किया की वे भी अपने एरिये में इस तरह के पुण्य का कार्य करे ताकि पक्षियों को भीषण गर्मी में खाने और पानी की सुविधा मिल सकें। जिला अध्यक्ष नवीन सिंघल ने इस पुनीत कार्य करने के लिए पूरी महिला टीम की सराहना की।

### इन महिलाओं ने सहयोग दिया

*इस कार्य में अग्रवाल वैश्य समाज जिला महिला अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, जिला महिला महासचिव यशोदा बंसल, जिला महिला कोषाध्यक्ष गरिमा मित्तल, रेवाड़ी विधानसभा महिला अध्यक्ष रेखा अग्रवाल, विधानसभा महिला महासचिव अंजू अग्रवाल, विधानसभा महिला कोषाध्यक्ष मनु अग्रवाल, सदस्य दीपिका अग्रवाल, अमन अग्रवाल, आशा मंगला, आभा रूंगटा, पूजा गुप्ता, सपना कुमारी अग्रवाल, प्रियंका मित्तल, ज्योति गोयल, शशि बंसल, मंजू अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, रजनी जैन, नीतू, सीमा खण्डेलवाल, सरला अग्रवाल, रूही गोयल, मीनाक्षी अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल व प्रिया ने सहयोग दिया। जिलाध्यक्ष सिंघल ने बताया की अग्रवाल वैश्य समाज की टीम समय-समय पर जिले में सामाजिक, धार्मिक व जरूरतमंदों की मदद के लिए कार्य करती आ रही है।*

## जिले में आग लगाकर निपटाया जा रहा कचरा प्रशासन की सुस्ती से लोगों की बढ़ी परेशानी





रेवाड़ी। ब्रास मार्केट में जलाया गया कचरा,धारूहेड़ा के सर्कुलर रोड पर जलाया गया कचरा। फोटो : हरिभूमि

- शहर के मुख्य मार्गों सहित बाजार व पार्कों में कचरा एकत्रित करके उठान नहीं किया जाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में कचरा जलाने की घटनाएं आग हो गई है। जिम्मेदार लोग कचरे का उठान करने की बजाय उसमें आग लगाकर निपटा रहे है। शहर के मुख्य मार्गों सहित बाजार व पार्कों में कचरा एकत्रित करके उठान नहीं किया जाता है। बाद में इस कचरे को मौका देखकर आग के हवाले कर दिया जाता है, जिससे वातावरण प्रदूषित होने के साथ लोगों को धुंए का गुबार झेलना पड़ता है। ब्रास मार्केट में अलग-अगल जगह कचरे के ढेर लगे हुए है, जिसमें आग लगाई जा रही है। चार दिन पहले ब्रास मार्केट के तिकोना पार्क का कचरा जलता हुआ पाया गया, अब अनाजमंडी के मुख्य गेट के सामने ब्रास मार्केट में जमा कचरे में आग लगा दी गई। जगह-जगह लगे कूड़े के ढेरों में आग लगाने की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आग लगाने की घटनाओं पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पिछले दिनों संबंधित विभागों पर जुर्माना भी लगा चुका है, लेकिन इसका असर कम दिखाई दे रहा है।

### धारूहेड़ा में जलाया कचरा

*मंगलवार को धारूहेड़ा के सरकुलर रोड पर ट्रांसफार्मर के पास जमा कचरे को भी आग के हवाले कर दिया गया, जिससे उठी आग की लपटें ट्रांसफार्मर तक पहुंच गई। आसपास के लोगों की सक्रियता के कारण बड़ा हादसा होने से टल गया। लोगों ने तुरंत पानी डालकर कचरे में लगी आग को बुझाया। स्थानीय लोगों ने कहा कि जिम्मेदार लोग कचरे का उठान करने की बजाय उसमें आग लगाकर लोगों के लिए परेशानी पैदा कर रहे है। प्रशासन को ऐसी घटनाओं पर लगाम लगानी चाहिए ताकि लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ न हो और व्यवस्था भी बनी रहे।*

## सीजेएम ने सेफ हाउस में लिया सुविधाओं का जायजा

**रेवाड़ी।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा. रेनू सोलखे ने मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित सेफ हाउस का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सेफ हाउस में दी जा रही सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर सीजेएम डा. सोलखे ने केंद्र प्रभारी को सेफ हाउस में सुरक्षात्मक संरक्षण में रह रहे जोड़ों की सुरक्षा और उनके ठहरने के इंतजामों की समीक्षा करते हुए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को कानूनी सहायता अथवा परामर्श की आवश्यकता होती है तो तुरंत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय को सूचित करें, ताकि उन्हें बिना किसी विलंब के मुफ्त कानूनी सहायता मुहैया कराई जा सकें।




रेवाड़ी। सेफ हाउस का निरीक्षण करते हुए डा. रेनु सोलखे। फोटो : हरिभूमि

### बिजली निगम कोसली में हनुमान जी का जागरण व भंडारा लगाया



**कोसली।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम कोसली स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार को कर्मचारियों की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व सोमवार रात्रि को जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने देर रात तक भजन-कीर्तन के माध्यम से हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया। जागरण में स्थानीय कलाकारों ने भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। मंगलवार सुबह विधि-विधान के साथ हवन सम्पन्न हुआ। हवन में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इसके बाद भंडारे में कोसली सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

*माह के अंत तक भारी गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं, रात का पारा भी पहली बार 30 डिग्री पार*

# नौतपा से पहले आसमान से बरस रही आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- सीजन में पहली बार पारा 45 डिग्री पार

नौतपा 25 मई से शुरू होने जा रहा है, लेकिन गर्मी ने अभी से अपने तेवर उग्र कर लिए हैं। लू के थपेड़ों ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। इस माह के अंत तक गर्मी का असर इसी तरह बरकरार रह सकता है। तापमान सीजन में पहली बार 45 डिग्री के पार हो गया है, जिससे लोगों को लू के प्रकोप का सामना करना पड़ रहा है। रात का पारा भी इस सीजन में पहली बार 30 डिग्री के पार पहुंच गया, जो सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। आसमान में बादल छाने का दौर बीते सप्ताह ही खत्म हो चुका है। सुबह से ही सूरज की तपिश हवाओं को गर्म बनाना शुरू का देती है। सुबह 10 बजे के बाद ही गर्म हवाएं लू का रूप धारण कर लेती हैं। मंगलवार को अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 45.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। यह इस सीजन का सर्वाधिक तापमान है।



रेवाड़ी। मंगलवार को भीषण गर्मी में बच्चों का छाते से बचाव करती महिला।

रात का तापमान भी पहली बार 5.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 30.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते सोमवार की रात इस सीजन की सबसे गर्म रात रही। हवा में नमी स्तर 18 प्रतिशत रहा, जबकि 11 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गर्म हवाएं चलीं। बीते वर्ष 19 मई को अधिकतम तापमान 44.0 डिग्री और न्यूनतम 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस समय गर्मी पीक पर आ चुकी है। हालांकि बुधवार को तापमान में मामूली गिरावट की संभावना जताई जा रही है, लेकिन लू के प्रकोप से अभी छुटकारा नहीं मिलेगा। बीते दो वर्ष की तरह इस बार नौतपा खत्म होने से पहले भारी गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क बना रह सकता है। तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

### बिजली का लोड बढ़ा

भारी गर्मी शुरू होने के बाद एसी और कूलरों का इस्तेमाल काफी बढ़ गया है। घरेलू बिजली की दैनिक खपत 90 लाख यूनिट के पार हो चुकी है। गत 17 मई तक बिजली की खपत 90 लाख यूनिट से कम चल रही थी। बीते सोमवार को यह 90.60 लाख यूनिट दर्ज की गई। अगर मौसम के तेवर नरम नहीं पड़े तो आने वाले दिनों में बिजली की दैनिक खपत 100 लाख यूनिट का आंकड़ा पार कर जाएगी। इसके बाद लोगों को पावर कटों का सामना भी करना पड़ सकता है।

### भंडारे में आए बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत

**कोसली।** कोसली में बिजली निगम परिसर में स्थित मंदिर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए आए एक बुजुर्ग की हृदयाघात से मौत हो गई। झज्जर जिले के बिठला गांव निवासी कृष्ण मंगलवार को भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने आए थे। अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत कोसली उपमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद मृतक कृष्ण का पुत्र सतपाल व कोसली पुलिस अस्पताल पहुंची। सतपाल ने पुलिस को बताया कि उनके पिता कृष्ण की मौत हार्ट अटैक से हुई है तथा पिता की मौत को लेकर किसी प्रकार का संदेह नहीं है। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा

# कामयाबी: सीआईए ने मनोज हत्याकांड में पांचवा आरोपी भी किया गिरफ्तार

### मारपीट के दौरान मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

सीआईए धारूहेड़ा ने मनोज हत्याकांड में एक और आरोपी जिला गुरुग्राम के गांव मऊ की ढाणी निवासी ईश्वर सिंह उर्फ भाटा को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत वर्ष 29 जुलाई को पुलिस को गांव मालपुरा से मऊ रोड पर एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। शव की शिनाख्त उसके परिजनों से कराई गई तो युवक की पहचान दिल्ली के मोहन गार्डन उत्तम नगर निवासी 33 वर्षीय मनोज के रूप में हुई थी। दिल्ली के मोहन गार्डन उत्तम नगर निवासी भरत ने बताया था कि 27 जुलाई 2025 को उसका बडा भाई मनोज अपने दोस्त साहुन खान के साथ अपने ननीहाल गांव पाटखोरी से अपने कुछ परिचितों से मिलने की बात कहकर घर से गया था। इसी दौरान उसे सूचना मिली कि मनोज का शव गांव मालपुरा से मऊ रोड पर मिला है। मृतक के भाई ने कुछ लोगों पर मनोज की हत्या का संदेह जाहिर किया था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके चार आरोपी गांव जौनियावास निवासी विवेक उर्फ विक्की, जिला गुरुग्राम के गांव तेलपुरी निवासी हेमेंद्र उर्फ हेमु, गांव जौनियावास निवासी दीपक व गांव लुला अहीर निवासी राकेश को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी विवेक उर्फ विक्की ने बताया था कि घटना के दिन शराब के नशे में उसके साथी दीपक व मृतक मनोज की किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी। उसके साथी दीपक ने उसे फोन करके मौके पर बुलाया था। जब वह मौके पर पहुंचा तो दीपक व उनके 4/5 अन्य साथी मौके पर पहले से मौजूद थे। इसके बाद सभी ने मिलकर शराब के नशे में मनोज की तलाश करके,उसके साथ मारपीट की थी। मारपीट के दौरान मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। सीआईए धारूहेड़ा ने सोमवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी ईश्वर सिंह उर्फ भाटा को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।


रेवाड़ी। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

## वर्ष 2022 के फर्जी सर्टिफिकेट उपलब्ध करने के मामले में 11वां आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली थाना पुलिस ने कोरोना काल में एडमिशन के लिए फर्जी सर्टिफिकेट उपलब्ध कराने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला प्रयागराज के गांव कनेहटी निवासी राकेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में 10 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। कोविड के दौरान हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी को सीनियर सैकेंडरी परीक्षाओं में अपीयर होने वाले और स्कूलों में प्रवेश पाने वाले कई विद्यार्थियों के पात्रता सर्टिफिकेट फर्जी मिले थे। बोर्ड ने प्रदेश स्तर पर ऐसे 92 स्कूलों के 129 विद्यार्थियों को चिन्हित किया था, जिन्होंने सीनियर सैकेंडरी की परीक्षा में अपीयर होने के लिए फर्जी सैकेंडरी सर्टिफिकेट प्रस्तुत किए थे। बोर्ड सचिव की ओर से एडीजीपी क्राइम को दी गई शिकायत के आधार पर प्रदेश के कई पुलिस थानों में जालसाजी के केस दर्ज किए गए थे। कोसली थाने में भी 10 अगस्त 2022 को मामला दर्ज कर मामले में जांच शुरू की गई थी। जांच में जिले में ऐसे फर्जी प्रमाण-पत्र के जरिए परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 19 विद्यार्थियों की संख्या पाई गई थी। पुलिस ने मामले में विद्यार्थियों को फर्जी सर्टिफिकेट उपलब्ध कराने वाले जिला झज्जर के गांव माजरा निवासी जतिन, जिला महेंद्रगढ़ के डुलान रोड वार्ड नंबर-4 निवासी नरेश शर्मा, जिला महेंद्रगढ़ मोहल्ला कानोडिया निवासी दलीप गोस्वामी, जिला रोहतक की राम गोपाल कालोनी निवासी आशीष, जिला रोहतक की भरत कॉलोनी निवासी पवन कुमार, बिहार के जिला समस्तीपुर के गांव पटेलिया हाल राजीव नगर रोहिणी दिल्ली निवासी मुकेश कुमार, राजस्थान के जिला टोंक के गांव देतवास निवासी अशोक कुमार, राजस्थान के जिला जयपुर के कुशम विहार जगतपुरा निवासी गौरव गुप्ता, जिला फरीदाबाद के एसजीएम नगर निवासी औमकुवार व महाराष्ट्र के मुंबई के साईं सिद्धि निवासी आरुषी श्रीवास्तव उर्फ कोकिल श्रीवास्तव दस आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया था। पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी राकेश कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए तीन दिन के रिमांड पर लिया है।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

## इन्फोर्समेंट टीम की भेजता था लोकेशन, संदेह होने पर गिरफ्तार किया आरोपित

- माइनिंग की चेकिंग के लिए निकली थी टीम, डंपर चालकों को भेजी थी टीम की लोकेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वाहनों की चेकिंग के लिए निकलने वाली इन्फोर्समेंट टीम की लोकशन भेजकर ट्रांसपोर्टरों और डंपर चालकों को अलर्ट करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से वेगन-आर कार, मोबाइल फोन और गाड़ी से 45 ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किए गए हैं। मॉडल टाउन थाने में इन्फोर्समेंट टीम ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इंफोर्समेंट टीम ओवरलोड वाहनों और खनन सामग्री की रॉयल्टी चोरी आदि मामलों की चेकिंग करती है। बीते सोमवार को एएसआई संदीप की टीम चेकिंग के लिए निकली थी। उनकी गाड़ी का पीछा एक वेगन-आर कार कर रही थी। संदीप को कार चालक पर संदेह हो गया। उसने रोककर पूछताछ की, तो आरोपी कुछ भी बताने से आनाकानी करने लगा। मोबाइल फोन चेक करने पर उसने टीम की लोकेशन कई नंबरों पर शेयर की हुई पाई गई। टीम ने आरोपी को मौके पर ही काबू करने के बाद उसे मॉडल टाउन पुलिस के हवाले कर दिया।

### डंपर चालकों को कर रहा था अलर्ट

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किया गया आरोपी राजस्थान के कांकर का रहने वाला मदन है, जो डंपर चालकों और ट्रांसपोर्टरों को इंफोर्समेंट टीम की लोकेशन शेयर कर रहा था। उसके पास से एक डायरी भी बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

### ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों के लिए साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा की सुविधा 29 से

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा के लिए भावनगर टर्मिनस- शकूरबस्ती-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09257 भावनगर टर्मिनस-शकूरबस्ती साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 29 मई से 26 जून तक भावनगर टर्मिनस से प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 2:20 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 10:55 बजे शकूरबस्ती पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09258 शकूरबस्ती-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 30 मई से 27 जून तक शकूरबस्ती से प्रत्येक शनिवार को दोपहर 1:15 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 8:50 बजे भावनगर टर्मिनस पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में भावनगर परा, सिहोर गुजरात, धोला, बोटाड, धंधुका, धोलका, सरखेज, गांधीग्राम, चांदखेडा रोड, महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, फालना, मारवाड जंक्शन, अजमेर, किशनगढ, फुलेरा, रींगस, नीमकाथाना, नारनौल, रेवाड़ी, गुरुग्राम व दिल्ली कैंट स्टेशनों पर ठहराव करेगी।



### पुरुषोत्तम मास में श्री लक्ष्मी नारायण की विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन

**रेवाड़ी।** शहर के गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्रद्धालुओं ने अधिकमास के अवसर पर लक्ष्मी नारायण भगवान की विशेष पूजा अर्चना की। मंदिर में प्रतिदिन अधिमास के उपलक्ष्य में सुबह के समय श्री लक्ष्मी नारायण भगवान का पंचामृत स्नान एवं विशेष पूजा अर्चन किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी प्रकाश मिश्रा ने बताया कि यह पूजा अर्चना 15 जून तक चलेगी। पुजारी ने बताया कि इस विशेष माह में पूजा अर्चन का महत्व बताया गया है, इसमें विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ और पंचामृत स्नान कराकर भगवान की आराधना की जाती है, जिससे विशेष फल प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि इस माह में दान पुण्य की अलग महिमा बताई गई है। सभी को इस माह में यथाशक्ति दान करना चाहिए। मंगलवार को हुए पूजन कार्यक्रम में यजमान अमित यादव गोकलगढ़वाले सहित राधेश्याम गुप्ता, रमेश शर्मा, शक्ति यादव, रमेश सचदेवा व अश्विनी तिवारी सहित अनेक श्रृद्धालु मौजूद थे।

## रमन मुंजाल विद्या मंदिर के 97 विद्यार्थियों ने मेरिट लाकर किया स्कूल का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी






सिधरावली स्थित रमन मुंजाल विद्या मंदिर स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट रिजल्ट दिया है। विज्ञान संकाय में पूर्वा धूत ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। आट्र्स संकाय में आयुषी और प्रिया गोदारा ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं वाणिज्य संकाय में रूपांशी ने 95.6 प्रतिशत अंक हासिल कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विद्यालय के 128 छात्रों में से 97 विद्यार्थियों ने मेरिट लेकर स्कूल का नाम रोशन किया। दसवीं कक्षा में भी स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा, जिसमें छात्रा सिद्धी और प्रेक्षा यादव ने 98.6 प्रतिशत अंक लेकर सफलता प्राप्त की। स्कूल की प्रिंसिपल संतोष यादव ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को सोचना सिखाना और तथ्यों पर तर्क करने की क्षमता विकसित करना है।

छात्रों को अपने समय की योजना बनाने और प्राथमिकता देने तथा उसके प्रभावी उपयोग के महत्व को ध्यान में रखना चाहिए जो सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य में शिक्षकों का बड़ा योगदान होता है। वे बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को निकालकर उन्हें योग्य बनाते हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम के बिना जीवन में कोई भी उपलब्धि या सफलता संभव नहीं है, इसलिए बच्चों को अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए हमेशा कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूल में अध्ययनरत छात्रों को आईआईटी, नीट, क्लैट, सीए फाउंडेशन, एनडीए और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सघन तैयारी कराई जाती है। स्कूल के सभी शिक्षकों ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## आईजीयू में बी फामेर्सी कोर्स में दाखिले के लिए 8 जून तक होंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर



इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय फामेर्सी विभाग के दाखिला समिति संयोजक डा. संजीव कुमार ने बताया कि फामेर्सी विभाग में बी फामेर्सी के दाखिले के लिए 29 अप्रैल से 8 जून और बी फामेर्सी लैटरल एंट्री के लिए 20 मई से 19 जून तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस वर्ष बी फामेर्सी में दाखिला हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षण सोसायटी के द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसमें दाखिले के लिए छात्र टीईसीएचएडमिशंसएचआरवाई.जीओवी.इन पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदनकर्ता आईजीयू.एसी.इन पर लॉगिन करके जानकारी ले सकते हैं।

फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुनील कुमार ने बताया कि आईजीयू में यह कोर्स 2016 से संचालित है। यह कोर्स फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से अनुमोदित है। कोर्स करने के बाद छात्र विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी विभाग जैसे कि हॉस्पिटल फामेर्सी, क्लिनिकल फामेर्सी, रिसर्च सेंटर, मेडिकल स्टोर, सेल्स एंड मार्केटिंग डिपार्मेंट, एजुकेशनल संस्था, स्वास्थ्य केंद्र आदि में फार्मासिस्ट, ड्रग कंट्रोलर ऑफिसर, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव, मेडिकल राइटर, रेगुलेटरी मैनेजर जैसे उच्च पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान करके उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। दाखिले के लिए 12वीं साइंस स्ट्रीम जरूरी है। साइंस स्ट्रीम के छात्रों के पास केमिस्ट्री, फिजिक्स और बायोलॉजी या मैथ्स की योग्यता अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि बैचलर ऑफ फामेर्सी 4 साल का कोर्स होता है तथा बी फामेर्सी लैटरल एंट्री के लिए डी फामेर्सी की योग्यता अनिवार्य है।

## खबर संक्षेप

### शादी के दो दिन बाद विवाहिता लापता

**कनीना।** शहर थाना अंतर्गत एक गांव से नवविवाहित महिला लापता हो गई। इस बारे में जितेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मूल रूप से राजस्थान के झुंझुनू जिले का रहने वाला है तथा पिछले समय से कनीना के समीपवर्ती गांव में रह रहा है। हाल ही में 15 मई को उसकी शादी यमुनानगर के एक गांव में हुई थी। उसने बताया कि 16 मई सुबह करीब चार बजे वह नई नवेली दुल्हन को अपने मामा के घर लेकर आया था। 17 मई को सुबह करीब साढ़े तीन बजे वह बिना बताए घर से चली गई। परिजनों की ओर से उसकी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। शहर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### बालाजी धर्मकांटा तोड़फोड़ मामले में आरोपित काबू

**नारनौल।** थाना शहर पुलिस ने नांगतिहाड़ी बाईपास स्थित बालाजी धर्मकांटा पर हुई मारपीट, तोड़फोड़ के मामले में कार्रवाई करते हुए सातवें आरोपित सचिन निवासी खोरड़ा झज्जर को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस की ओर से छह आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आपस में हुई कहासुनी व झगड़े की रंजिश के चलते आरोपितों ने इस वारदात को अंजाम दिया था। शहरपुर निवासी शिकायतकर्ता हजारीलाल ने पुलिस थाना शहर में दर्ज करवाई गई एफआईआर के अनुसार वह नांगतिहाड़ी बाईपास पर बालाजी धर्मकांटा का संचालन करता है।

## लिंगानुपात सुधार में बरती लापरवाही सेहलंग सीएचसी की एमओ निलंबित

### सरकार ने 4 चिकित्सा अधिकारियों को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

प्रदेश में गिरते लिंगानुपात व अवैध भ्रूण लिंग जांच के मामलों पर राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। सरकार ने लिंगानुपात सुधार अभियान की मॉनिटरिंग व क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप में चार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह आदेश स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा की ओर से जारी किए गए हैं।

जारी किए गए आदेशों में डॉ. टीना आनंद एसएमओ सीएचसी पुरखास सोनीपत, डॉ. विजय परमार एसएमओ सीएचसी रादौर यमुनानगर, डॉ. सतपाल एसएमओ सीएचसी चिडी रोहतक व डॉ. प्रभा यादव इंचार्ज सीएमओ कम मेडिकल ऑफिसर सीएचसी सेहलंग महेंद्रगढ़ शामिल है।

विभाग के अनुसार ये अधिकारी अपने क्षेत्रों में अवैध भ्रूण लिंग जांच रोकने और सरकारी योजनाओं की प्रभावी निगरानी करने में पूरी तरह विफल रहे। निलंबन अवधि के दौरान इनके मुख्यालय क्रमशः रोहतक, अंबाला, झज्जर और रेवाड़ी के सिविल सर्जन कार्यालयों में तय किए गए हैं।

### निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच की उठी मांग

इस कार्रवाई के बाद महेंद्रगढ़ जिले में हड़कंप मच गया है और निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार निलंबित मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रभा यादव के पति महेंद्रगढ़ में लंबे समय से आस्था अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालन कर रहे हैं। क्षेत्र के नागरिकों ने स्वास्थ्य मंत्री आरती राव सिंह से मांग की है कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष जांच टीम गठित की जाए। उनका कहना है कि सरकारी सेवा में तैनात अधिकारियों से जुड़े निजी स्वास्थ्य संस्थानों व अल्ट्रासाउंड सेंटरों की गहन व निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, जिससे भ्रूण लिंग जांच के काले कारोबार पर पूरी तरह रोक लग सके और प्रदेश के लिंगानुपात में सुधार आ सके। वहीं इस बारे में सीएचसी सेहलंग की एमओ प्रभा यादव से दूरभाष पर जानकारी लेनी चाहिए। जिनके मोबाइल पर घंटी घनघनाती रही, लेकिन कोई रिस्पांस नहीं दिया गया।

## निकट भविष्य में नहीं दिखाई दे रही मौसम में बदलाव की कोई संभावना

### गर्मी से बचने के लिए घरों में रहने को मजबूर लोग

# भीषण गर्मी से नहीं मिली राहत, नारनौल में पारा 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला महेंद्रगढ़ में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को नारनौल में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस रहा। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दिनभर लोगों का जनजीवन प्रभावित रहा। दोपहर के समय बाजारों और सड़कों पर आवाजाही कम दिखाई दी तथा लोग गर्मी से बचने के लिए घरों में रहने को मजबूर रहे।

वहीं महेंद्रगढ़ में भी तापमान लगातार बढ़ रहा है। यहां दिन का अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सुबह से ही तेज धूप निकलने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पतालों में भी गर्मी से संबंधित बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आगामी दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। प्रशासन ने लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने तथा धूप से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है।

### छबील लगाना श्रेष्ठ कार्य

ताराचंद जोशी ने कहा कि इस वर्ष दो ज्येष्ठ होने के कारण इसका महत्व ओर भी बढ़ गया है। ज्येष्ठ का महीना अत्यंत पवित्र व फलदायी माना जाता है। हिंदू पंचांग के मुताबिक इस पुरुषोत्तम मास में जलदान, पीपल की पूजा व व्रत रखने से सुख, समृद्धि के साथ आध्यात्मिक शांति मिलती है। मान्यता है कि भीषण गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना, छबील लगाना या जल कुंभ का दान करने से अक्षय पुण्य व वरुण देव की कृपा प्राप्त होती है। इस माह में आने वाले मंगलवार को बड़ा वार माना गया है, इस दिन हनुमान जी की पूजा करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और कष्ट दूर होते हैं, सूर्यदेव को जल अर्पित करने से स्वास्थ्य लाभ के साथ मान सम्मान की प्राप्ति होती है। ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की एकादशी को निर्जला एकादशी के रूप में मनाया जाता है। एकादशी का व्रत रखने से साल भर की एकादशी का फल प्राप्त होता है।

### ज्येष्ठ मास की प्रचंड गर्मी में लगातार बढ़ रहा पारा

**कनीना।** ज्येष्ठ माह में भीषण गर्मी का कहर बढ़ता जा रहा है। दिन का तापमान 44 डिग्री पहुंच रहा है। वहीं रातें भी गर्म महसूस होने लग गई है। प्रचंड गर्मी से उबाल खाते इस महीने को साल के 12 महीनों से बड़ा यानी (ज्येष्ठ) जेठ माना जाता है। गर्मी बढ़ने के साथ ठंडे पेय पदार्थों की मांग बढ़ने लगी है। डॉ. दीपांशु शर्मा ने बताया कि गर्मी से बचाव के लिए घरेलू व देसी पेय पदार्थों का उपयोग स्वास्थ्य के लिए बेहतरीन माना गया है। आयुर्वेद शास्त्र में छाछ, राबड़ी की तुलना अमृत से की है, जो स्वास्थ्य के लिए अतिलाभकारी है। गर्मी में छाछ व रबड़ी का नियमित सेवन करने से शरीर तंदुरुस्त बना रहता है। छाछ में विटामिन बी 12, कैल्शियम, पोटेशियम, फॉस्फोरस सहित अनेक पोषक तत्व रहते हैं, जो शरीर के लिए लाभदायक रहते हैं।

## विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों और साइबर अपराधों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस के नशा मुक्ति और समाजिक जागरूकता की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं। निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में गठित नशा मुक्ति टीम ने मंगलवार को गवर्नमेंट स्कूल नांगल पठानी में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर नशा मुक्ति टीम ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। विद्यार्थी देश का भविष्य है, इसलिए सभी को पढ़ाई, खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाकर नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहना चाहिए। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के खतरों से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अपराधी फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से व्यक्तिगत जानकारी जैसे ओटीपी व पासवर्ड आदि हासिल करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में सभी को सतर्क रहकर किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। इस दौरान विद्यार्थियों को यातायात नियमों की भी जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय नियमों का पालन करना जरूरी है। हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग और यातायात संकेतों का पालन हमारी सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। निरीक्षक रामपाल ने कहा कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या आपातकालीन स्थिति हो तो डायल 112 पर सूचना दें। इसके अलावा नशा गतिविधियों की सूचना मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर करें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों ने नशा और साइबर अपराधों से दूर रहने की शपथ भी दिलाई।


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

**सूचना**

मैं, विजय कुमार पुत्र श्री गुगन सिंह निवासी मकान नंबर-156, वार्ड नं.-7, ततारपुर ईस्तमुरार तहसील व जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरे पुत्र विकास एवं पुत्रवधु रामभतेरी को मैंने दिनांक 15.09.2022 को अपनी समस्त चलअचल सम्पति से बेदखल कर दिया था। अब मेरा पुत्र विकास एवं पुत्रवधु रामभतेरी मेरी सेवा टहल करते है और मेरे साथ अच्छा व्यवहार करते है तथा मेरी बातें मानते है इसलिए अब मैं अपने पुत्र विकास एवं पुत्रवधु रामभतेरि की बेदखली समाप्त करवाना चाहता हूं।

अभी दाखिले के लिए शेड्यूल जारी नहीं किया गया

नौ सरकारी संस्थानों में तीन हजार सीटें

# आईटीआई में जून के पहले वीक से शुरू होंगे आवेदन

जिले में 14 प्राइवेट आईटीआई में भी तैयारियां शुरू, 2500 के करीब सीटें उपलब्ध

एचबीएसई व सीबीएसई रिजल्ट जारी होने के बाद दसवीं व बारहवीं पास कर चुके विद्यार्थी विभिन्न ट्रेडों में दाखिला ले सकेंगे।



रेवाड़ी। पटौदी रोड स्थित राजकीय बाल आईटीआई। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

स्किल डवलेपमेंट एवं इंडिस्ट्रयल ट्रेनिंग डिपार्टमेंट हरियाणा की ओर से प्रदेश की सभी सरकारी और प्राइवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को एडमिशन प्रक्रिया के लिए निर्देश जारी किए गए है, जिसके बाद जिले की सभी सरकारी व प्राइवेट आईटीआई में तैयारी शुरू कर दी गई है। हांलाकि अभी दाखिले के लिए शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। जून के पहले सप्ताह से आईटीआई में विभिन्न ट्रेडों में दाखिले के लिए ऑनलाइन रजिस्टेशन शुरू होंगे। एचबीएसई व सीबीएसई रिजल्ट जारी होने के बाद दसवीं व बारहवीं पास कर चुके विद्यार्थी विभिन्न ट्रेडों में दाखिला ले सकेंगे। गत वर्ष 2025 में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 6 जून से दाखिलों के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए गए थे। जिले की 9 सरकारी आईटीआई में 3000 सीटों पर करीब 25 ट्रेडों में दाखिले होंगे, 14 प्राइवेट आईटीआई में करीब 2500 सीटों पर एडमिशन होंगे। आईटीआई में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क भी लगाई जाएगी। आईटीआई में प्रति वर्ष विद्यार्थियों को इलेक्ट्रीशियन, फिटर व टर्नर ट्रेड में प्रवेश लेने के लिए ज्यादा रूझान रहता है।

### आठवीं पास भी ले सकेंगे दाखिला

सरकारी आईटीआई में 8वीं पास विद्यार्थी भी अनेक ट्रेडों में दाखिला ले सकते है। ये विद्यार्थी प्लंबर, कारपेंटर, वायरमैन, वेल्डर, कटाई-सिलाई, एसओपी और ग्रेस मेकिंग में दाखिला ले सकते है।

### जरूरी दस्तावेज तैयार कर लें विद्यार्थी



आईटीआई में एडमिशन के लिए जून के पहले सप्ताह से ऑनलाइन आवेदन शुरू किए जाएंगे। दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी साइबर कैफे व आईटीआई में आकर आवेदन कर सकेंगे। दाखिला प्रक्रिया शुरू होने से पहले आवेदक अपने पूरे जरूरी दस्तावेज तैयार रखे, ताकि बाद में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।
- सुरेन्द्र सिंह, प्राचार्य, आईटीआई।

### जिले की सरकारी आईटीआई

जिले में 9 सरकारी आईटीआई संचालित की जा रही है। पटौदी रोड स्थित ब्वायज आईटीआई व महिला आईटीआई, कुंड-मनेठी, खरखड़ा, कोसली, सहारनवास, टांकड़ी, बेरली कलां व फुटवेयर एंव लेदर गुड्स मेकर रेवाड़ी शामिल है। आईटीआई में विभिन्न व्यवसायों जैसे कोस्मेटोलॉजी, विद्युतकार, फिटर, मोटर मैकेनिक व्हीकल, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनर, टर्नर, ड्राफ्टमैन मैकेनिक, ड्राफ्टमैन सिविल, पेंटर जनरल, वेल्डर, कारपेंटर, सिविंग टेक्नोलॉजी, कोपा तथा प्लम्बर ट्रेडों में आवेदन होंगे। आवेदक वेबसाइट एडमिशंस.आईटीआईहरियाणा.जीओवी.इन पर आवेदन कर सकेंगे।

### आवेदकों को इन दस्तावेजों की होगी जरूरत

जिले की सभी राजकीय एवं प्राइवेट आईटीआई में जून के पहले सप्ताह से एडमिशन के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। विभिन्न दाखिले चरणों में मेरिट सीट अलॉटमेंट जारी करने के कार्यक्रम की सूचना वेबसाइट पर ही उपलब्ध होगी। दाखिले के लिए 8वीं, 10वी 12वीं के प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, मोबाइल फोन ओटीपी के लिए, ई-मेल आईडी, जाति प्रमाणपत्र, पारिवारिक आय प्रमाणपत्र, हरियाणा रिहायशी प्रमाणपत्र, गैप इयर सर्टिफिकेट, बैंक अकाउंट पास बुक, पासपोर्ट साइज फोटो व आधार कार्ड देना अनिवार्य है।


रेवाड़ी। किसानों को जानकारी देते हुए कृषि अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# प्राकृतिक खेती केवल विधि नहीं, बल्कि मिट्टी को पुनर्जीवित करने का अभियानः डॉ. मनोज

- गांव लुहाना में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से प्राकृतिक खेती शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत खंड खोल के गांव लुहाना में एक दिवसीय प्राकृतिक खेती शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के 50 किसानों ने भाग लेकर रसायनों को त्यागने और प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि उपनिदेशक डा. जितेंद्र अहलावत ने की। इस मौके पर कृषि अधिकारी डा. मनोज वर्मा ने मिट्टी के गिरते कार्बन स्तर पर गहरी चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि रासायनिक खादों के अंधाधुंध और अत्यधिक उपयोग ने हमारी उपजाऊ भूमि को कठोर परत में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल खेती की एक विधि नहीं है, बल्कि यह हमारी मिट्टी को पुनर्जीवित करने का एक पावन अभियान है। उन्होंने सूक्ष्मजीवों की संख्या बढ़ाने के लिए जीवामृत के महत्व को समझाया, जोकि मिट्टी की संरचना में सुधार कर उसकी जल धारण क्षमता को बढ़ाता है।

खंड कृषि अधिकारी खोल डा. मनोज ने कीटों के प्राकृतिक नियंत्रण व पर्यावरण संतुलन पर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि प्रकृति में मित्र कीट जैसे लेडीबग, मकड़ी और मधुमक्खी फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों को प्राकृतिक रूप से नियंत्रित करते हैं। रसायनों के छिड़काव से ये मित्र कीट मर जाते हैं। उन्होंने किसानों को घर पर ही नीम अस्त्र, ब्रह्मास्त्र और दशपर्णी अर्क जैसी प्राकृतिक औषधियां बनाने की सरल विधि बताई। सरपंच मामचंद और नंबरदार भाल सिंह ने विभाग की इस पहल की सराहना की। प्राकृतिक खेती से जुड़े गांव के प्रगतिशील किसान महीपाल ने अपने अनुभव साझा कर अन्य किसानों को प्रेरित किया।

### बाजार पर निर्भरता छोड़ आत्मनिर्भर बनें किसानः डॉ. अहलावत

कृषि उपनिदेशक डा. अहलावत ने किसानों को लागत मुक्त खेती का मूल मंत्र दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि रासायनिक खादों, कीटनाशकों और महंगे बीजों पर होने वाला भारी खर्च किसान की शुद्ध आय को खत्म कर रहा है। उन्हों ने कहा कि जब किसान बाजार से महंगे खाद और जहर खरीदना बंद कर अपने घर के संसाधनों, जैसे देसी गाय के गोबर और गौमूत्र का उपयोग शुरू करता है, तो खेती की लागत शून्य हो जाती है और मुनाफे की गारंटी बढ़ जाती है।

### ये रहे मौजूद

शिविर में माडू पंच, चेयरमैन इंद्रजीत, नरेंद्र नंबरदार, रिषिपाल पंच और रोशन लाल सहित अनेक ग्रामीण और प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

# व्यक्तिगत ऋण योजना के लिए जिले में 74 केसों का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



हरियाणा सरकार ने महिला विकास निगम के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए व्यक्तिगत ऋण योजना शुरू की है, जिसके तहत बैंकों के माध्यम से 1.50 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि व्यक्तिगत ऋण योजना के तहत रेवाड़ी के लिए 2026-27 में 74 केस का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाली व हरियाणा की स्थाई निवासी महिला इस योजना के लिए पात्र होंगी। आवेदक के समय महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी आवश्यक है और आवेदक पहले से लिए गए ऋण का डिफाल्टर न हो। उन्होंने बताया कि महिला विकास निगम के माध्यम से जनरल श्रेणी की महिला को 10 हजार रुपये तथा अनुसूचित श्रेणी की महिला को 25 हजार रुपये अनुदान राशि दी जाएगी। योजना के तहत उद्योग विभाग की सूची में शामिल नकारात्मक गतिविधियों तथा केवीआईबी को छोड़कर अन्य सभी गतिविधियां शामिल है। इन गतिविधियों में परचून की दुकान, कपड़े की दुकान, सैलून, सिलाई सेंटर, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटीक, हलवाई की दुकान, फूड स्टाल, टिफिन सर्विस व मिट्टी के बर्तन आदि बनाने का काम शामिल है। इच्छुक महिला को योजना का लाभ लेने के लिए दस्तावेजों में आवेदन पत्र, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड व पासपोर्ट साइज की फोटो की दो-दो प्रतियां जमा करानी होगी।

# एमबीए प्रीमियर लीग सीजन-2 में अंतिम वर्ष के छात्रों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर


रेवाड़ी। विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते हुए कुलपति। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में एमबीए विभाग की ओर से एमबीए प्रीमियर लीग सीजन-2 का आयोजन किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता का संचालन डा. जसविंदर सिंह के समन्वय में किया गया। प्रतियोगिता में एमबीए प्रथम वर्ष एवं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में एमबीए अंतिम वर्ष की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। एमबीए अंतिम वर्ष के छात्र सूरज पांडे को बेस्ट बेट्समैन तथा प्रथम वर्ष के छात्र साहिल को बेस्ट बॉलर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विवि के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कुलपति ने कहा कि खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एमबीए प्रीमियर लीग को केवल विभाग तक सीमित न रखकर भविष्य में और बड़े स्तर तक पहुंचना चाहिए।

प्रबंधन विभाग अध्यक्ष प्रो. रितु बजाज ने विजेता एमबीए अंतिम वर्ष की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार खेलों में अनुशासन, मेहनत और टीम भावना दिखाई जाती है, उसी प्रकार विद्यार्थियों जीवन में भी सफलता प्राप्त करनी चाहिए। इस मौके पर विभाग के शिक्षक डा. देवेश अग्रवाल व सुरेन्द्र कुमार सहित एमबीए की विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों को गुरुद्वारे का करवाया शैक्षणिक भ्रमण



रेवाड़ी। राज इंटरनेशनल स्कूल की ओर से भारत की विविध संस्कृति एवं सभी धर्मों के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए कक्षा प्री-नर्सरी से दूसरी तक के विद्यार्थियों को मॉडल टाउन स्थित गुरुद्वारे का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सिख धर्म की परंपराओं, गुरुद्वारे की मयार्दाओं एवं गुरु नानक देव जी के उपदेशों की जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलदीप कुमार एवं निदेशक नवीन सैनी भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण बच्चों में नैतिक मूल्यों, धार्मिक सहिष्णुता और सामाजिक सद्भाव की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### संकट मोचन हनुमान मंदिर में भंडारा लगाया

कोसली। गुड़ियानी के कोसली रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में मंगलवार को भंडारे एवं संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुड़ियानी सहित आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सुबह हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मनोजाचार्य कौशल एवं राधेश्याम शर्मा ने अपनी मधुर वाणी से सुंदरकांड पाठ किया। कौशल्या देवी ने बाबा का श्रृंगार कराया। विजय गुड़ियानी ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा, प्रेम और आपसी सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। ऐसे कार्यक्रम युवाओं को अपनी संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। सूरजभान, हीरासिंह, लीलाराम, किशोर कुमार, बाबूलाल, सुरेश कुमार, पप्पू, विनोद कुमार, बिरजू, मनोजव बलवान सहित अनेक श्रृद्धालु मौजूद थे।

# लुखी की शिवानी इंडियन नेवी की शिक्षा शाखा में बनी सब-लेफ्टिनेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



क्षेत्र के गांव लुखी की बेटी शिवानी यादव का भारतीय नौसेना में सब-लेफ्टिनेंट (शिक्षा अधिकारी) के पद पर चयन हुआ है। शिवानी ने यह मुकाम हासिल कर न केवल अपने माता-पिता सहित पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। शिवानी के पिता जितेंद्र यादव केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 83वीं बटालियन आरएएफ में बतौर एएसआई देश की सेवा कर रहे हैं। पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए अब बेटी भी देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और नौसेना के शिक्षा विभाग में अपना योगदान देगी। शिवानी बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल रही हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा कनीना से पूरी की, जिसके बाद आरपीएस कॉलेज से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने देश के प्रतिष्ठित संस्थान एनआईटी हमीरपुर से फिजिक्स में एमएससी की पढ़ाई पूरी की। शिवानी अपनी प्रतिभा के बल पर नेवल सिलेक्शन बोर्ड विशाखापट्टनम से दो बार चयनित हुई हैं। शिवानी का चयन भारतीय नौसेना की शिक्षा शाखा में सब-लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ है। आगामी 29 जून से केरल के एझिमाला स्थित भारतीय नौसेना अकादमी में उनकी 11 महीने की मिलिट्री और प्रोफेशनल ट्रेनिंग शुरू होगी।

# डीटीपी का रामपुरा में एक्शन, अवैध निर्माण किए ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



डीटीपी विभाग की टीम ने मंगलवार को शहरी क्षेत्र की राजस्व सीमा में दो एकड़ में विकसित हो रही अवैध निर्माणों के तोड़फोड़ की कार्रवाई की। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम रामपुरा पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 2 अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया।

डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि विभाग की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिन्होंने अनियमित कॉलोनियों में निर्माण किए हैं। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के साथ ही 25 से शुरू होगा नौतपा

# नौतपा प्रकृति के लिए बारिश की नींव, इंसान को नौ दिन गर्मी से बचकर रहना जरूरीः शास्त्री


रेवाड़ी। पंडित दलीप शास्त्री

- ज्योतिष मान्यता है कि सूर्य की प्रचंड गर्मी वातावरण के हानिकारक तत्वों को नष्ट करती है, संक्रमण कम होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भीषण गर्मी के बीच पांच दिन बाद नौतपा शुरू होने वाला है। ज्येष्ठ माह में सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के साथ ही नौतपा का आरंभ हो जाएगा। सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष धमाचार्य पंडित दलीप शास्त्री ने बताया कि नौतपा के 9 दिन 25 मई से 2 जून तक सूरज रोहिणी नक्षत्र में रहता है। नौतपा प्रकृति के लिए बारिश की नींव है, लेकिन इंसान को इसके 9 दिन गर्मी से बचकर रहना जरूरी है। इन दिनों में वर्ष की सबसे भीषण गर्मी इन्ही दिनों में पड़ती है। ज्योतिष मान्यता है कि सूर्य की प्रचंड गर्मी वातावरण के हानिकारक तत्वों को नष्ट करती है, संक्रमण कम होता है। सूरज की किरणें सीधी पड़ती हैं, तापमान 2 से 5 डिग्री तक बढ़ जाता है। लू, हीटवेव, हवा में रूखापन, तालाब-नदियों का जलस्तर गिरना। शाम को धूलभरी आंधी या हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। अगर इन 9 दिनों में बारिश हो जाए तो उसे रोहिणी का गलना कहते हैं और माना जाता है कि मानसून कमजोर रहेगा।

### नुकसान

नौतपा में लू लगना, हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, बीपी बढ़ना, शुगर फ्लक्चुएट करना, सांस की दिक्कत। बच्चों, बुजुर्गों, बीपी-डायबिटीज व अस्थमा वाले लोगों के लिए खतरा है। तेज गर्मी में बाहर न निकलें, तेल-मसाला-मांसाहार से बचें, मांगलिक काम टालें।

### फायदे

गर्मी संक्रमण कम करती है, शरीर में अनुकूलता और आरोग्यता बढ़ती है। अच्छी मानसून बारिश की संभावना बढ़ती है, जिससे खेती का लाभ मिलता है। धार्मिक रूप से सूर्य को जल चढ़ाना, आदित्य हृदय स्तोत्र पढ़ना, जल-फल-छाछ का दान करना विशेष फलदायी माना जाता है। सुबह-शाम बाहर निकलें, खूब पानी-पिएं, दही, मट्ठा, नारियल पानी लें, मेहंदी लगाएं। सूर्य को तांबे के लोटे से अर्घ्य, लाल फूल, गुड़-चना चढ़ाएं।

### नौतपाः वर्षा ऋतु का गर्भकाल

शास्त्र के अनुसार नौतपा का भी महत्व है। ये दिन बारिश का भी संकेत देते है। पुरानी कहावत है कि 'तपै नवतपा नव दिन जोय, तौ पुन बरखा पूरन होय'। मतलब अगर ये 9 दिन खूब तपें, बादल-बारिश न हो, तो मानसून में अच्छी बारिश होती है, फसल बढ़िया होती है। इसे वर्षा ऋतु का गर्भकाल भी कहते हैं।

# आईजीयू खेल कॉम्प्लेक्स का नाम रेजांगला वॉर हीरोज स्पोर्ट्स स्टेडियम रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में निमार्णाधीन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का नाम रेजांगला वार हीरोज स्पोर्ट्स स्टेडियम रखने की मांग को लेकर मंगलववार को छात्र नेता रवि मसीत के नेतृत्व में वीसी असीम मिगलानी को ज्ञापन सौपा गया। इस मौके पर छात्र नेता रवि मसीत ने कहा कि रेजांगला का वार भारतीय सैन्य इतिहास एक अत्यंत गौरवशाली अध्याय है। वर्ष 1962 में भारत-चाईना युद्ध में की लड़ाई में भारतीय सेना के वीर जवानों ने साहस, वीरता एवं राष्ट्रभक्ति परिचय देते हुए मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। जिले के गर्व की बात है कि अधिकांश वीर सैनिक इसी क्षेत्र से थे। राहुल खोला ने कहा कि विश्वविद्यालय में निमार्णाधीन काम्प्लेक्स स्टेडियम का नाम रेजांगला वार स्टेडियम रखा जाए। कुलपति असीम मिगलानी ने इस पर सकारात्मक रुख अपनाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर राहुल, हरीश, कुणाल व योगेश सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।


रेवाड़ी। वीसी असीम मिगलानी को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि